# लखनऊ विश्वविद्यालय
# University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 08 December 2022


## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### 13 विद्यार्थियों को 4.40 लाख का पैकेज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के 13 विद्यार्थियों ने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट के आधार पर 4.40 लाख रुपये का प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त किया है। व्यवसाय प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इनको बधाई दी है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्लेसमेंट पाने वालों में अंजलि यादव, किशन पांडेय, निहाल पटेल, रोहन कुमार रावत, प्रियांक शर्मा, मोहम्मद फलक, प्रांसी सिंह, हर्षिता जायसवाल, आयुष तिवारी, ऋषभ कुमार नायक, सौम्या परमवीर, सृष्टि वर्मा और रुदा रब्बानी शामिल हैं। इसके अलावा अभी कई विद्यार्थियों के साक्षात्कार का रिजल्ट आना बाकी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: पीएचडी समाजशास्त्र में अभिलेख सत्यापन 12 को



**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत समाजशास्त्र विषय के नव प्रवेशी छात्रों का अभिलेख सत्यापन 12 दिसम्बर को होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने बताया कि पीएचडी 2021-22 सेशन की शुरुआत 12 दिसम्बर से होगी। छात्र-छात्राओं को अपने सभी अभिलेखों को सत्यापन भी उसी दिन कराना होगा।

**13 छात्रों को मिला प्लेसमेंट**

लखनऊ विश्वविद्यालय के 13 छात्रों को प्राइवेट बैंक में इंटर्नशिप के बाद प्लेसमेंट मिला है। छात्रों के ग्रीष्मकालीन इंटनशिप में किए गए कार्य के आधार पर प्लेसमेंट मिला है। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के 13 छात्रों को 4.40 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज का ऑफर दिया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## i-NEXT PAGE 3

### छूटे स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल एग्जाम 17 को

**i UPDATE**

**लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग ने कालेजों को भेजे निर्देश**



**LUCKNOW (7 Dec):** एलयू ने बीएससी द्वितीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान के छूटे हुए छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा का एक और मौका दिया है. प्रयोगात्मक परीक्षा 17 दिसंबर को कैंपस में होगी. बुधवार को हेड प्रो. एनके पांडेय ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के कालेजों को निर्देश जारी किए हैं.

**500 रुपए जमा करने होंगे**

उन्होंने बताया कि छूटे हुए छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने के लिए 17 दिसंबर से पहले 500 रुपये शुल्क कैशियर आफिस में जमा करने होंगे. यह रसीद व अन्य विवरण लेकर परीक्षा के दिन फिजिक्स लैब में सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा. बीएससी द्वितीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान के सभी छूटे छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा एलयू केंद्र पर होगी.

**मौखिक परीक्षा सम्पन्न**

एलयू के विधि संकाय के प्रोफेसर डा. आरके सिंह के शोध छात्र उग्रसेन वर्मा की पीएचडी की मौखिकी की परीक्षा संपन्न हुई. इसके लिए विशेषज्ञ के तौर पर महात्मा गांधी विद्यापीठ के विधि विभाग के डीन प्रो. डा. रंजन कुमार उपस्थित रहे.

**भवन का नाम तय**

एलयू के नवीन परिसर में बने इंजीनियरिंग भवन में नवनिर्मित सभागार का नाम विश्वकर्मा सभागार रखने के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्वीकृति दे दी है. कुलसचिव संजय मेधावी ने इसका आदेश जारी कर दिया.

**पीएचडी में अभिलेख सत्यापन 10 को**

लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग ने सत्र 2021-22 में पीएचडी प्रवेश लेने वाले शोधार्थियों के अभिलेखों का सत्यापन 10 दिसंबर को होगा. शोधार्थियों को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक विभाग के कार्यालय में अपने मूल अभिलेख लेकर सत्यापन के लिए पहुंचना होगा. बुधवार को विभाग के हेड प्रो. डीआर साहू ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया. उन्होंने बताया कि पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होंगी. इसकी समय सारिणी नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है.

### एलयू के 13 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट आफर

**LUCKNOW :** लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के 13 छात्र-छात्राओं ने अपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्य के आधार पर आइसीआइसीआइ बैंक में 4.40 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज का प्री-प्लेसमेंट आफर पाने में सफलता हासिल की है. इनमें अंजलि यादव, किशन पांडेय, निहाल पटेल, रोहन कुमार रावत, प्रियांक शर्मा, मो. फलक, प्रांसी सिंह, हर्षिता जायसवाल, आयुष तिवारी, ऋषभ कुमार नायक, सौम्या परमवीर, सृष्टि वर्मा और रुदा रब्बानी शामिल हैं. व्यवसाय प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि यह इस तरह के इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट के लिए छात्रों को प्रदान किए जाने वाले विभागीय स्तर की तैयारी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का उदाहरण है.

### आर्ट कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरुआत

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध आर्ट कॉलेज का 111वां वार्षिकोत्सव तीन दिन मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर 23, 24 व 25 दिसंबर की प्रस्तावित तिथि की घोषणा कर दी गई है। इसको लेकर पूर्व छात्रों की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पूर्व छात्रों का प्रयास है कि मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलाया जाए।

आर्ट कॉलेज के प्रो.आलोक कुमार ने बताया कि आर्ट कॉलेज अपनी 111वीं वर्षगांठ को भव्य अंदाज में मनाने जा रहा है। इसमें पूर्व छात्रों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार कार्यक्रम में कुछ खास करने की योजना भी विद्यार्थियों ने तैयार की है। पूर्व छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर योगी आदित्यनाथ से समय मांगा है।

> आर्ट कॉलेज अपना 111वां साल मना रहा है। इसे तीन दिन तक मनाया जाएगा। इसे पूरे उत्साह के साथ मनाने की योजना तैयार की जा रही है। सारी योजना पूर्व छात्रों द्वारा तैयार की जा रही है। कॉलेज इसमें पूरा सहयोग कर रहा है।
>
> -डॉ. रतन कुमार, प्राचार्य आर्ट कॉलेज

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विवि के 13 छात्रों का बैंक में प्री-प्लेसमेंट ऑफर

**अमृत विचार, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के 13 छात्रों ने बुधवार को अपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्य के आधार पर प्राइवेट सेक्टर में आईसीआईसीआई बैंक से 4.40 लाख के प्री-प्लेसमेंट ऑफर में सफलता पाई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्लेसमेंट और करियर डेवलपमेंट सेल द्वारा चलाई जाने वाली नई प्रशिक्षण पहल की सरहाना की। व्यवसाय प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि इस प्री-प्लेसमेंट ऑफर में अंजलि यादव, किशन पाण्डेय, निहाल पटेल, रोहन कुमार रावत, प्रियांक शर्मा, मोहम्मद फलक, प्रांसी सिंह, हर्षिता जायसवाल, आयुष तिवारी, ऋषभ कुमार नायक, सौम्या परमवीर, सृष्टि वर्मा व रुदा रब्बानी को सफलता मिली है।

## TOI PAGE 2

### LU's 65th convocation on January 21

**Lucknow:** The 65th convocation of Lucknow University is likely to be held on January 21.

Like every year, three coveted medals of the university — Chancellor's Gold medal, Dr Chakravarti Gold medal and Pirie Memorial Gold medal — along with other awards will be given to meritorious students.

The Chancellor's medal will be awarded to the student scoring the highest marks in all faculties while Chakravarti medal will be given for social service and Pirie Memorial medal will be awarded to the best sportsperson of the university. "Various committees will be made for smooth conduct of the vent," said an official of the university. TNN

## VoL PAGE 5

### लविवि के 13 छात्र चयनित

**लखनऊ।** लविवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के 13 छात्र शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्य के आधार पर प्राइवेट सेक्टर में एक प्रतिष्ठित और ब्लू-चिप बैंक आईसीआईसीआई बैंक से 4.40 रुपये वार्षिक आय के प्री-प्लेसमेंट ऑफर हासिल किया। यह विभाग और विश्वविद्यालय के लिए बेहद गर्व की बात है, क्योंकि यह इस तरह के इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट के लिए छात्रों को प्रदान किए जाने वाले विभागीय स्तर की तैयारी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का उदाहरण है। इन छात्रों में अंजलि यादव, किशन पाण्डेय, निहाल पटेल, रोहन कुमार रावत, प्रियांक शर्मा, मोहम्मद फलाक, प्रांसी सिंह, हर्षिता जायसवाल, आयुष तिवारी, ऋषभ कुमार नायक, सौम्या परमवीर, सृष्टि वर्मा और रुदा रब्बानी हैं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : छूटे विद्यार्थियों का प्रैक्टिकल 17 को

**विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग ने दिया मौका, कालेजों को भेजे निर्देश**

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी द्वितीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान के छूटे हुए छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा का एक और मौका दिया है। प्रयोगात्मक परीक्षा 17 दिसंबर को कैंपस में होगी। बुधवार को हेड प्रो. एनके पांडेय ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के कालेजों को निर्देश जारी किए हैं।



उन्होंने बताया कि छूटे हुए छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने के लिए 17 दिसंबर से पहले 500 रुपये शुल्क कैशियर आफिस में जमा करने होंगे। यह रसीद व अन्य विवरण लेकर परीक्षा के दिन फिजिक्स लैब में सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा। बीएससी द्वितीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान के सभी छूटे छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा लवि केंद्र पर होगी।

**पीएचडी में अभिलेख सत्यापन 10 को :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग ने सत्र 2021-22 में पीएचडी प्रवेश लेने वाले शोधार्थियों के अभिलेखों का सत्यापन 10 दिसंबर को होगा। शोधार्थियों को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक विभाग के कार्यालय में अपने मूल अभिलेख लेकर सत्यापन के लिए पहुंचना होगा। बुधवार को विभाग के हेड प्रो. डीआर साहू ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होंगी। इसकी समय सारिणी नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

**इंजीनियरिंग भवन का नाम तय :** लवि के नवीन परिसर में बने इंजीनियरिंग भवन में नवनिर्मित सभागार का नाम विश्वकर्मा सभागार रखने के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्वीकृति दे दी है। कुलसचिव संजय मेधावी ने इसका आदेश जारी कर दिया।

**मौखिक परीक्षा सम्पन्न :** लवि के विधि संकाय के प्रोफेसर डा. आरके सिंह के शोध छात्र उग्रसेन वर्मा की पीएचडी की मौखिकी की परीक्षा संपन्न हुई। इसके लिए विशेषज्ञ के तौर पर महात्मा गांधी विद्यापीठ के विधि विभाग के डीन प्रो. डा. रंजन कुमार उपस्थित रहे।

**लवि के 13 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट आफर :** लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के 13 छात्र-छात्राओं ने अपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्य के आधार पर आइसीआइसीआइ बैंक में 4.40 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज का प्री-प्लेसमेंट आफर पाने में सफलता हासिल की है। इनमें अंजलि यादव, किशन पांडेय, निहाल पटेल, रोहन कुमार रावत, प्रियांक शर्मा, मो. फलक, प्रांसी सिंह, हर्षिता जायसवाल, आयुष तिवारी, ऋषभ कुमार नायक, सौम्या परमवीर, सृष्टि वर्मा और रुदा रब्बानी शामिल हैं। व्यवसाय प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि यह इस तरह के इंटर्नशिप और लाइव प्रोजेक्ट के लिए छात्रों को प्रदान किए जाने वाले विभागीय स्तर की तैयारी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का उदाहरण है।

**कालेजों के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग**

लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने डिग्री कालेजों के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग की है। इसके लिए बुधवार को कुलपति कार्यालय में पत्र भेजा है। लुआक्टा अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय एवं महामंत्री डा. अंशु केडिया का कहना है कि लवि का परिक्षेत्र बढ़कर पांच जिलों तक विस्तृत हो गया है। इन जिलों के महाविद्यालयों के शिक्षक भी उसके अंग हो गए हैं। ये शिक्षक बोर्ड ऑफ स्टडीज सहित अन्य कमेटियों में नामित किए जाने के लिए अधिकृत हैं। इसलिए सभी को वरिष्ठता के आधार पर बोर्ड आफ स्टडीज सहित अन्य कमेटियों में स्थान मिलना चाहिए। इसके लिए शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना आवश्यक है।

**एपी सेन कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता**

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बुधवार को महान क्रांतिकारी स्व. जतिंद्रनाथ मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज के समाजशास्त्र विभाग की ओर से भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने जतिंद्रनाथ को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। छात्राओं ने महान क्रांतिकारी के व्यक्तित्व एवं जीवन के विभिन्न पहलुओं को अपने भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में संजना प्रथम, गजाला तबस्सुम, आराध्या सिंह द्वितीय, अनमोल, फिरदौस तृतीय एवं मनीषा यादव सांत्वना पुरस्कार के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. मनु टंडन, डा. कीर्ति गौड़ ने किया।

### जीन के बायोमार्कर से अस्थमा का पता लगाना संभव

अखिल सक्सेना • लखनऊ

व्यक्तियों के शरीर में पाए जाने वाले एडम-33 और एक्वापोरिन-5 जीन में दो ऐसे (एफ 1 सी/टी, 'एजी' तथा 'जीए') बायोमार्कर मिले हैं, जिनसे यह पता लगाना आसान होगा कि किन लोगों को भविष्य में अस्थमा और क्रानिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) रोग होने की आशंका अधिक है। लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के जूलाजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुचित स्वरूप के नेतृत्व में तीन साल से हो रहे शोध में यह निष्कर्ष सामने आया है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिटिश जर्नल आफ बायोमेडिकल साइंस में यह शोध प्रकाशित हुआ है।



• लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलाजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर ने किया शोध

लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलाजी विभाग में एक्सपेरिमेंटल एंड पब्लिक हेल्थ लैब स्थापित है। यहां मानव स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न तरीके के शोध होते हैं। डा. सुचित ने बताया कि सर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत वर्ष 2020 में 'सीओपीडी तथा अस्थमा की अलग पहचान करने वाले भविष्य सूचक एवं नैदानिक बायोमार्कर : एक तुलनात्मक आनुवंशिक विषलेषण' विषय पर शोध प्रोजेक्ट मिला था। लैब में एडम-33 और एक्वापोरिन-5 जीन पर शोध किया गया। सबसे पहले खून के नमूने लेकर डीआक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड (डीएनए) को आइसोलेट किया गया। पता चला कि एडम-33 में एफ 1 सी/टी बायोमार्कर अस्थमा की खास पहचान कराने में समक्ष है। एक्वापोरिन-5 के 'एजी' तथा 'जीए' हैप्लोटाइप से सीओपीडी की पहचान करना संभव है। इसके अलावा जिनमें एक्वापोरिन-5 जीन में 'जीजी' हैप्लोटाइप का प्रकार है, उनमें अस्थमा और सीओपीडी दोनों होने की आशंका अधिक है।

**जांच कराकर बीमारी से पहले ही कर सकेंगे बचाव**

एडम-33 और एक्वापोरिन-5 जीन के कई प्रकार हैं। हमारे शरीर में भी कुछ ऐसे साइटोकाइन (रसायन) होते हैं, जिनकी मौजूदगी में फेफड़ों में म्यूकस (चिपचिपा पदार्थ) आवश्यकता से अधिक बनने लगता है, जिससे हमारे एल्वीआली (एयर पाकेट) सिकुड़ जाते हैं। उनमें स्वच्छ हवा पूरी तरह से फेफड़ों में नहीं जा पाती। इससे सांस लेने में दिक्कत होती है। अस्थमा से पीड़ित लोगों में जाड़े के दौरान यह दिक्कत अधिक होती है। इस प्रकार की जांच से पहले ही पता लगाया जा सकता है कि उन लोगों में भविष्य में ये बीमारियां होने की संभावनाएं अधिक हैं, जिससे वे अभी से सावधानी बरत सकते हैं।